विवादित बयान पर कांग्रेसजनों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंका

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं देहात के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को कोटगेट पर राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के विवादित बयान के विरोध में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त कर राठौड़ के इस्तीफे की मांग की तथा उनके बयान का वीडियो एलईडी के माध्यम से सार्वजनिक रूप से आमजन को दिखाया गया। कांगेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राठौड़ ने कहा था कि अमेरिका-पाकिस्तान युद्ध में भाजपा के लोग पाकिस्तान की मदद करेंगे। इस बयान को देश के शहीदों का अपमान बताया।

विवादित बयान पर बीकानेर में कांग्रेसजनों ने विरोध-प्रदर्शन कर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कोटगेट पर पुतला फूंका।

- कांगेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राठौड़ ने बयान में कहा था कि अमेरिका-पाकिस्तान युद्ध में भाजपा के लोग पाकिस्तान की मदद करेंगे

पूर्व मंत्री बी.डी. कल्ला ने आरोप लगाया कि मदन राठौड़ पाकिस्तान के एजेंट हैं। इसलिए वे पाकिस्तान को सपोर्ट करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुछ समय पहले पीएम भी पाकिस्तान जाकर बिरयानी खाकर आये थे। इन हरकतों से बीजेपी का ढोंग निरन्तर उजागर हो रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि पाकिस्तान संघ (आरएसएस) की ही देन है। जब महात्मा गांधी आजादी की लडाई लड़ रहे थे, तब इन्होंने देश के साथ गद्दारी की थी और मुस्लिम लीग व जिन्ना के साथ मिलकर सरकारें बनाई व षड़यंत्र रचकर अलग पाकिस्तान का प्रस्ताव पारित किया था। इसके अगले दिन सरसंघ चालक ने पांचजन्य अख़बार के माध्यम से बधाई दी थी। गद्दारी इनके खून में हैं। इसीलिए मदन राठौड़ का पाकिस्तान के प्रति प्रेम अचानक नहीं जागा हैं बल्कि सच्चाई बयां हो ही गई।

जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा का राष्ट्रवाद भी गजब का है। जनता के सामने पाकिस्तान को देश का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हैं और अब कथित तौर पर कहते हैं कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो पाकिस्तान की तरफ से लड़ेंगे। आखिर भाजपा का असली राष्ट्रवाद कौनसा है। मंचों पर दिखने वाला या ऐसे बयानों में झलकने वाला। सियाग ने व्यंग्य करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को देश की जनता को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ भाषण देना सिर्फ चुनावी जुमला है या वास्तव में उनकी कोई स्पष्ट नीति भी है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति की कसौटी बड़े-बड़े भाषण नहीं बल्कि देश के प्रति निष्ठा, सैनिकों के सम्मान और राष्ट्रीय हितों के प्रति प्रतिबद्धता है। भाजपा को राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र बांटने से पहले अपने नेताओं के बयानों पर जवाब देना चाहिए। देश की जनता अब सवाल पूछ रही है कि भाजपा का राष्ट्रवाद आखिर किस तरफ खड़ा है। पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रवाद केवल भाषणों में दिखाई देता है, लेकिन जब उसके नेताओं के बयानों पर सवाल उठते हैं

विधायक गणेशराज बंसल को हाईकोर्ट से राहत मिली

हनुमानगढ़, (कासं)। विधायक गणेश राज बंसल को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली। जोधपुर स्थित हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार ने हनुमानगढ़ जंक्शन थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 669/2026 के मामले में विधायक को अंतरिम गिरफ्तारी संरक्षण दिया।

कोर्ट ने उन्हें जांच में शामिल होने के निर्देश देते हुए कहा कि अगले आदेश तक इस एफआईआर के संबंध में उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जायेगा। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। विधायक ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 528 के तहत याचिका दायर कर एफआईआर निरस्त करने की मांग की थी। लेकिन कोर्ट ने इस स्तर पर एफआईआर रद्द करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं दिया।

बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि दोनों पक्षों के बीच लम्बे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं के अनुसार इसी पृष्ठभूमि में विधायक के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने विधायक की फिलहाल गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए जांच में शामिल होने का निर्देश दिया।

सार-समाचार

शारदीय नवरात्र पर 101 कन्याओं का पूजन किया

महिला प्रकोष्ठ एवं विप्र फाउंडेशन ने शारदीय नवरात्र पर कन्याओं का पूजन किया।

बीकानेर, (कासं)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विप्र फाउंडेशन जोन-1 बी, बीकानेर के महिला प्रकोष्ठ एवं विप्र परिवार, शहर बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक समरसता अभियान के अंतर्गत 101 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम दिव्य, भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था, सनातन संस्कृति, नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक एकता के भाव से ओतप्रोत इस आयोजन ने भारतीय परंपराओं की गरिमा को साकार करते हुए सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी संदेश दिया। सामाजिक समरसता अभियान के राष्ट्रीय संयोजक भंवर पुरोहित, विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष चन्द्रकला आचार्य ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 101 कन्याओं का पूजन भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान और शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। राष्ट्रीय संयोजक भंवर पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम में विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कन्याओं का पूजन कर उन्हें शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का प्रतीक मानते हुए श्रद्धा एवं सम्मान अर्पित किया गया। मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुए इस आयोजन ने उपस्थित जनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत किया। मातृशक्ति एवं समाज बंधुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। 101 कन्याओं का पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि नारी सम्मान, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता के संकल्प का प्रतीक है। विप्र परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में संपन्न हुआ।

दशहरा उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया

डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में जिला प्रशासन व दशहरा समिति के सदस्यों ने तैयारियों का जायजा लिया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में 20 अक्टूबर को डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रशासन एवं बीकानेर दशहरा समिति के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने स्टेडियम का दौरा किया। इस दौरान कार्यक्रम के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) रीना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। वहीं दशहरा समिति की ओर से सुनीत झांब, वीरेंद्र चावला, मुकेश धीरिया, सीए सुधीश शर्मा एवं प्रेम तनेजा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। स्टेडियम प्रभारी एवं खेल अधिकारी सुरेन्द्र हर्ष ने भी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश एवं निकास मार्गों, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन सहित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में लगभग 30 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने तथा आमजन की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। दशहरा समिति के सदस्यों ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से अपेक्षित भीड़ के अनुरूप पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने का अनुरोध किया ताकि कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वित्तीय सहायता पाकर धूमावती माताओं के चेहरे खिल उठे

बीकानेर, (कासं)। वर्तमान में इस भाग दौड़ भरे जीवन में एक व्यक्ति जहां खुद अपने परिवार के जीविकोपार्जन में उलझा रहता है। वहीं दूसरी और श्री जी धूमावती चेरिटेबल ट्रस्ट गरीबी रेखा से नीचे व धूमावती माताओं को इस बदलते परिवेश में वित्तीय सेवा उपलब्ध करवाकर माताओं को अपने निजी खर्चे खुद वहन करने का आत्मविश्वास दिला रहा है जो कि निश्चय ही सराहनीय कदम है। इस अनूठे सेवा प्रकल्प का साक्षी बनना मेरे लिए सौभाग्य का क्षण है और माताओं के चेहरे की मुस्कान साक्षात इश्वर के मुस्कान के समान है यह भाव धरणीधर महादेव मन्दिर परिसर में धूमावती माताओं के लिए आयोजित त्रैमासिक वित्तीय सेवा समारोह में नगर निगम महापौर अनिल कल्ला ने कहे। उद्योगपति कन्हैयालाल बोथरा ने बताया कि बीकानेर छोटी काशी ही है।

बीकानेर में वायरल कल्चर जांच सुविधा शुरू होने की उम्मीद जागी

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर में वायरल रोगों की जांच एवं अनुसंधान सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है।

- केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों से इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने और आवश्यक स्वीकृतियों एवं संसाधनों की उपलब्धता के बाद सुविधा शुरू होने की उम्मीद जागी है

इसी क्रम में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (आईसीएमआर-एनआईवी) के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने मेडिकल कॉलेज का अवलोकन किया और वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी (वीआरडीएल) का निरीक्षण किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा ने मेडिकल कॉलेज में जोनल वायरल कल्चर जांच लैब शुरू करने का अनुरोध किया।

इस विशेष सुविधा की शुरूआत से बीकानेर सहित आसपास के जिलों में वायरल रोगों की जांच एवं अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों से इस प्रस्ताव को आगे बढ़ने और आवश्यक स्वीकृतियों एवं संसाधनों की उपलब्धता के बाद सुविधा शुरू होने की उम्मीद जगी है। वायरल कल्चर जांच की सुविधा देश के चुनिंदा विशिष्ट केन्द्रों पर ही उपलब्ध होने का उल्लेख करते हुए बीकानेर में इसकी आवश्यकता पर जोर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा विकसित होने से स्थानीय स्तर पर विशिष्ट प्रयोगशाला सेवाओं का विस्तार होगा तथा बीकानेर और आसपास के क्षेत्रों को इसका लाभ मिल सकेगा।

इस पहल से कॉलेज की मौजूदा वीआरडीएल की क्षमताओं को आगे बढ़ाने और भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए संस्थागत तैयारी मजबूत करने की संभावनाएं बनी हैं। हालांकि प्रस्तावित सुविधा की शुरूआत आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाओं, जैव सुरक्षा मानकों, प्रशिक्षित मानव संसाधन और संबंधित स्वीकृतियों पर निर्भर करेगी।

इस अवसर पर डॉ. नवीन कुमार ने 'भारत में महामारी से निपटने की तैयारी' विषयक प्रस्तुति दी। उन्होंने वायरल संक्रमणों की समय रहते पहचान, प्रयोगशाला क्षमताओं के विस्तार और विभिन्न क्षेत्रों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रस्तुति में बताया गया कि भारत उभरते और दोबारा फैलने वाले वायरल संक्रमणों से निपटने के लिए रोग निगरानी एवं त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। निपाह, जीका, कोविड-19, एमपॉक्स और एवियन इन्फ्लुएंजा जैसे संक्रमणों के साथ डेंगू, चिकनगुनिया तथा जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों की निगरानी भी इस तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मोबाइल टावर से बैटरी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

नोखा,(कासं)। पुलिस ने मोबाइल टावरों से लगातार हो रही बैटरी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक नाबालिग को पहले ही पकड़कर सुधार गृह भेजा जा चुका है। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की गई कैम्पर गाड़ी भी जब्त की है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण ने बताया कि बीकानेर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत डीएसपी नोखा जनरेल सिंह के सुपरविजन में पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर 2026 की रात भामटसर गांव स्थित एयरटेल मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी हुई थी। कंपनी की शिकायत पर नोखा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिकायत में बताया गया था कि इस टावर से पहले भी कई बार बैटरियां चोरी हो चुकी हैं। जांच के बाद पुलिस ने जितेंद्र नाम के आरोपी को जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

उम्मेदाराम ने मदन राठौड़ पर निशाना साधा

श्रीगंगानगर, (कासं)। बाड़मेर-जैसलमेर से कांग्रेस के सांसद व श्रीगंगानगर जिला पंचायती राज चुनाव प्रभारी उम्मेदाराम बेनीवाल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पर निशाना साधा है।

- बेनीवाल ने कहा कि वे हमेशा गैर जिम्मेदाराना बयान देकर सुर्खियों में रहना चाहते हैं। पार्टी को उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए

उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ जिस तरह से पिछले 5-6 महीने से उटपटांग बयान दे रहे हैं, मुझे लगता है कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। राठौड़ को अच्छे मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वे हमेशा गैर जिम्मेदाराना बयान देकर सुर्खियों में रहना चाहते हैं। पार्टी को उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए।

बेनीवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा हिन्दू-मुस्लिम की बात करके सत्ता के इर्द-गिर्द बनें रहना चाहती है। राठौड़ का बयान वास्तव में चिंताजनक है। पार्टी को उन पर एक्शन लेना चाहिए। भाजपा के सीएम, विधायक, नेता और जनप्रतिनिधि कहते हैं कि हमारी चलती नहीं है और पर्ची के इंतजार में रहते हैं।

बेनीवाल एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को श्रीगंगानगर पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धान मंडी स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर बेनीवाल के नेतृत्व में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए।

उम्मेदाराम बेनीवाल ने पंचायती राज चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कहा कि पंचायती राज चुनाव को लेकर कांग्रेस की पूरी तैयारी है और प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुझे यहां आपसी समन्वय बैठाने के लिए यहां भेजा है। जिले में कांग्रेस पूरी तरह से मजबूत है। पंचायत समितियों व जिला परिषद के अंदर सारे वार्ड कांग्रेस जीतेगी।

चार साल पुरानी पेयजल समस्या का समाधान

बीकानेर,(कासं)। शहर के रामपुरा क्षेत्र की गली संख्या 11 में पिछले चार वर्षों से चली आ रही पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की गई है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता जे. के. चारण ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से मौके पर पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ ही गली के अंतिम छोर तक पानी पहुंचने की स्थिति का सत्यापन किया गया। इस दौरान वार्ड संख्या 39 के पार्षद सलमान भी उपस्थित रहे।

समस्या के समाधान के लिए मौके पर पहुंचकर जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए पेयजल आपूर्ति सुचारू करवाई गई। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि गली के अंतिम छोर पर रहने वाले उपभोक्ताओं तक भी पर्याप्त रूप से पानी पहुंचे। लम्बे समय से पेयजल समस्या का सामना कर रहे स्थानीय निवासियों को इससे राहत मिली है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता जे. के. चारण ने बताया कि आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए विभाग प्रतिबद्ध है।

उपभोक्ता अपनी शिकायतें टोल फ्री नंबर 181 के अतिरिक्त विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 2226454 पर भी दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों सहित विभिन्न मीडिया माध्यमों के जरिए सामने आने वाली जनसमस्याओं को भी गंभीरता से लिया जाता है। ऐसी शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

सुबह-शाम ठंड का अहसास

बीकानेर, (कासं)। अक्टूबर का आधा महीना बीतने के बाद अब तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। शहर में अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों में आने वाले 5-6 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जिसके चलते बीकानेर में भी बारिश के कोई आसार नहीं हैं। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी गर्मी का असर बना हुआ है। शहरी क्षेत्र में तापमान में गिरावट के बावजूद ग्रामीण इलाकों में गर्मी पूरी तरह से कम नहीं हुई है। लूणकरनसर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसे में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में तापमान का अंतर बना हुआ है। मौसम में बदलाव से आने वाले दिनों में दिन और रात के तापमान में और गिरावट देखने को मिल सकती है।

घड़साना में किसानों का 38वें दिन भी आंदोलन जारी

अनूपगढ़, (कासं)। घड़साना में सिंचाई पानी और चार सूत्री मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन 38 वें दिन भी जारी है। पड़ाव स्थल पर किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वे प्रशासन से अपनी मांगों का हल निकालने की मांग कर रहे हैं।

- जयपुर में समझौता वार्ता शुरू, सिंचाई पानी सहित 4 सूत्री मांगें

जयपुर स्थित शासन सचिवालय में शनिवार को सरकार और किसानों के प्रतिनिधिमंडल के बीच समझौता वार्ता शुरू हो गई। किसान आंदोलन के 38 वें दिन चल रही इस वार्ता में सिंचाई पानी सहित चार सूत्री मांगों पर चर्चा की जा रही है। जयपुर स्थित शासन सचिवालय में शनिवार को सरकार और किसानों के प्रतिनिधिमंडल के बीच समझौता वार्ता शुरू हो गई। खेत बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति का नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल वार्ता में शामिल है, जिसमें किसान नेता गुरभेज सिंह गिल, मांगीलाल देहदू, आत्मा सिंह और राजेश पूनिया सहित अन्य सदस्य मौजूद हैं।

व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक बंसल और कोषाध्यक्ष विकास सामसुखा भी वार्ता में शामिल हुए। किसानों को उम्मीद है कि सरकार के साथ बातचीत में उनकी मांगों पर सहमति बनेगी और आंदोलन का समाधान निकलेगा। किसानों का कहना है कि रबी फसल की बुवाई के समय नहरों में पूरा पानी नहीं मिलने से खेती पर असर पड़ रहा है। उनकी मुख्य मांगों में नहरों का जल स्तर तय करना, फसलों के नुकसान का मुआवजा शामिल हैं।

यह आंदोलन किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहा है। प्रशासन के साथ बातचीत हुई लेकिन मांगों पर कोई सहमति नहीं बन पाई। किसानों ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांगों का पक्का हल नहीं निकलता है तो वे आंदोलन जारी रखेंगे। पड़ाव स्थल पर किसान जमा हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से अपील की है कि जल्दी फैसला लेकर सिंचाई पानी की समस्या का पक्का समाधान किया जाए। दूसरी ओर घड़साना में किसान उपखंड कार्यालय के बाहर धरना जारी रखे हुए हैं।

ऊंटों में होने वाले विषाणु जनित रोगों के अनुसंधान को आगे बढ़ायेंगे : पूनिया

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र (एनआरसीसी), बीकानेर एवं आईसीएमआर- राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), पुणे, महाराष्ट्र के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

केन्द्र के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया एवं डॉ. नवीन कुमार, निदेशक, एनआईवी ने एनआरसीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस एमओयू दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। एनआरसीसी के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों संस्थान अपने उपलब्ध संसाधनों एवं विशेषज्ञता का परस्पर उपयोग कर ऊंटों में होने वाले विषाणु जनित (वायरल) रोगों के संबंधित अनुसंधान को आगे बढ़ायेंगे। इसके साथ ही मानव व पशु स्वास्थ्य से जुड़ी संक्रामक बीमारियों की पहचान, आधुनिक निदान पद्धतियों के विकास तथा प्रभावी उपचार के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित होंगे।

ऊंटों में होने वाले रोगों पर अनुसंधान के लिए एनआरसीसी व राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान पुणे के डॉ. डॉ. नवीन कुमार व अनिल कुमार पूनिया ने एमओयू साइन किया।

एनआईवी निदेशक, डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि वर्तमान में वैश्विक वन हेल्थ (एकीकृत स्वास्थ्य) की अवधारणा अत्यंत प्रासंगिक है। इसके परिप्रेक्ष्य में ऊंटों से प्राप्त नैनोबॉडीज (ऊंट प्रजाति के पशुओं से प्राप्त अत्यंत सूक्ष्म एंटीबॉडी) का उपयोग, मनुष्यों में होने वाले विषाणु जनित रोगों की पहचान एवं उनके गहन अध्ययन के लिए भी किया जा सकेगा। इससे भविष्य में सटीक परीक्षण विधि तथा प्रभावी उपचार विकसित करने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर केन्द्र की पीएमई सेल के प्रभारी डॉ. राकेश रंजन ने एमओयू के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके तहत ऊंटों एवं मनुष्यों के वायरल रोगों पर समन्वित अनुसंधान को गति मिलेगी। एमओयू कार्यक्रम के अवसर पर एनआरसीसी एवं एनआरसीई के डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. रमेश देदर, डॉ. रतन कुमार चौधरी, डॉ. श्यामसुंदर चौधरी, डॉ. विश्वरंजन उपाध्याय, डॉ. धवलकांत एवं राजुवास के सहायक आचार्य डॉ.रामकुमार, केन्द्र के आशीष पित्ती, राजेश चौधरी, डॉ. राकेश पूनिया, नेमीचंद बारासा, मीतपाल आदि मौजूद रहे।

नवरात्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति एवं कन्या भोज कल

बीकानेर, (कासं)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां भगवती की आराधना, आध्यात्मिक साधना एवं धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ, पुरानी गिन्नाणी, बीकानेर में 19 अक्टूबर को गायत्री अनुष्ठान की पूर्णाहुति, यज्ञ एवं कन्या भोज का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न होगा तथा 108 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाया जायेगा।

नवरात्र पर्व को भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना, आत्मशुद्धि, साधना और आध्यात्मिक चेतना के जागरण का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। इसी भावना के अनुरूप गायत्री अनुष्ठान की पूर्णाहुति के साथ विभिन्न धार्मिक संस्कार संपन्न करवाए जायेंगे। गायत्री शक्तिपीठ में सुबह 11 बजे 108 कन्याओं का पूजन किया जायेगा।

मां दुर्गा की पूजा में जुटा बंगाली समुदाय

बीकानेर, (कासं)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर बीकानेर में भी बंगाल की धार्मिक संस्कृति और परंपराओं का अनूठा नजारा देखने को मिल रहा है। बंगाली मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ की जा रही है।

सप्तमी पूजा के अवसर पर मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम दिनभर जारी रहा। पूजा-पाठ, शंख ध्वनि और मां के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। सप्तमी पूजा के अवसर पर कोलकाता से आये पंडित काजोल चक्रवर्ती ने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करवाई। पूजा में कोलकाता से विशेष रूप से लाये गए कैठाली कोला का उपयोग किया गया। इसके साथ ही चावल, बताशे, विभिन्न प्रकार के पुष्प और कमल के फूल अर्पित कर मां की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौसमी फलों और मिठाईयों का भोग लगाया।

पूजा के दौरान मां दुर्गा को अनार, सेब, केला, अनानास, संतरा और नारियल सहित विभिन्न प्रकार के मौसमी फलों का भोग अर्पित किया गया। इसके अलावा पीले रंग की केसरयुक्त मिठाइयों और पेड़ों का भोग लगाकर मां के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे
प्रथम शुद्धि पत्र निविदा संख्या
SNT-PROJ-JU-01R-2026-27
उक्त निविदा में निम्न संसोधन प्रस्तावित है
Date of bidding: 16.10.2026,
Closing Date/Time: 30.10.2026 (15.30 Hrs.) 1. Added Pre Bid Query Reply document in Tender. निविदा पत्र की बाकि नियम एवं शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है
उप मुख्य सिग व दूर संचार अभि./परियोजना जोधपुर
1502-DO/26